सार-समाचार

बाइक रैली निकाली

करौली, (निसं)। हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान के तहत करौली पुलिस के जवानों ने अधिकारियो के साथ बुधवार को मोटरसाईकिल रैली निकाली। मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से रैली निकालकर पुलिस के जवानों ने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने कि अपील की। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में 1 जनवरी से हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान जिला पुलिस के जवानों द्वारा ऑटो,टेंपो, वाहनों,मकानों, दीवारो,स्कूल सहित मुख्य चैराहों पर स्टिकर लगाकर व पंपलेट बांटकर भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत कि संख्या को कम करना है। मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से शुरू हुई हेलमेट लगाओ जान बचाओ रैली के दौरान पुलिस कर्मी व आमजन हेलमेट लगाने का संदेश लिखी तख्ती हाथों में थामे चल रहे थे।रैली शहर के मुख्य चैराहों से होकर गुजरी और गुलाब बाग पर जाकर संपन्न हुई। रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमना राम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम,कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार,महिला थानाधिकारी सुमन सहित अन्य जिले के कई थानाधिकारी और पुलिस के जवान रैली में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम ने कहा कि हेलमेट लगाओ जान बचाओ के लिए दिसंबर में 15 दिन अभियान चलाया ताकि आमजन को जागरूक किया गया है। अब बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के चालान किए जाएंगे। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान 1 से 31 जनवरी तक चलाया जा रहा है।

तहसीलदार को ज्ञापन दिया

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी जिले का दर्जा छीने जाने से नाराज भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसील कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री राजेश आदिवासी, कमलेश नीमरोठ, महेश मीना सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने गंगापुर सिटी को जिला बनाए रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम तहसीलदार धनीराम कुमावत को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि जिला बनाए जाने के लिए गंगापुर सिटी सभी मापदंड पूरा करता है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने गंगापुर सिटी को जिला बनाए रखने की मांग करते हुए कहा कि करौली से नादौती तहसील और टोडाभीम तहसील को तोडकर 7 जुलाई 2023 को गंगापुर सिटी जिले का गठन किया गया था, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा गंगापुर सिटी जिले का दर्जा छीन लिया गया, जो गलत निर्णय है। उन्होंने मुख्यमंत्री से जिले को बरकरार रखने के लिए पुनर्विचार करने की मांग करते हुए कहा कि गंगापुर सिटी का इतिहास बहुत पुराना है। राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले का एक प्रमुख शहर, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जब गंगापुर सिटी को जिला बनाने की घोषणा की गई थी, तब स्थानीय जनता के बीच खुशी और गर्व का माहौल था, लेकिन जब यह दर्जा वापस लिया गया है, तो यह गंगापुर सिटी जिलेवासियों के लिए निराशाजनक घटना है। बल्कि इसे सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं पर सवाल उठाने का विषय बना दिया है। गंगापुर सिटी ब्रिटिश शासनकाल में भी महत्वपूर्ण जगह था। गंगापुर सिटी जिले को लेकर राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम में जिले में उद्यमियों ने 945 करोड के कुल 1०6 एमओयू किए गए हैं। बडी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होते, जिन पर पानी फेर दिया है। गंगापुर सिटी को जिला बनाने की मांग अभी भी प्रासंगिक है। सरकार की जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए तर्कसंगत निर्णय लेना चाहिए। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए वैकल्पिक योजनाओं पर भी विचार करना चाहिए।

असहाय व दिव्यांगों को कंबल बांटे

हिंडौन सिटी, (निसं)। रुकमणी देवी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से शहर के जाट की सराय स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित कर कंबल वितरित किए गए।रुक्मणी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी कौशल चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव अग्रणी रहकर सेवा करने की भावना से प्रेरित होकर नव वर्ष कि मानव सेवा से शुरुआत करने के उद्देश्य से बुधवार को शहर के जाट की सराय स्टेडियम में एक कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग जनों को कंबल वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में हिंडौन उपखंड अधिकारी हेमराज गुर्जर मौजूद रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय सिंह चौधरी ने की वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, निर्मल एजुकेशन ठ्रुप के निदेशक मनीष चौधरी, सुबोध जैन, पार्षद कैलाश चौधरी, मानसिंह चौधरी, राकेश वर्मा, मिथिलेश चौधरी, इंदिरा चौधरी, ट्रस्ट के सचिव सत्येंद्र चौधरी, ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष निर्मला चौधरी, सतमन चौधरी, लोकेश चौधरी, देशराज चौधरी आदि मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में जिले भर के 63 दिव्यांगों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अधिकारी गुर्जर ने कहा कि जरूरतमंद की सेवा करना मानव धर्म है जो लोग जो लोग मानव धर्म को निभाते हैं उन्हें निश्चित रूप से बुलंदियां नसीब होती है। असहाय और जरूरतमंदों की दुआएं ईश्वर का आशीर्वाद होती है।

'सड़क दुर्घटनाओं व मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयास किए जाएं'

भरतपुर, (निसं)। राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उददेष्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है जिसकी थीम ''परवाह'' रखी गई है। जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव ने सडक सुरक्षा सप्ताह का शुभारम्भ करते हुए जिला कलैक्ट्रेट परिसर से बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला कलक्टर भरतपुर डॉ. अमित यादव ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा पर सुरक्षित वाहन चालन हेतु शपथ दिलाई एवं 'सड़क सुरक्षा की महत्तवपूर्ण जानकारी' किताब का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा को राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय बताया। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमीं लाने के हर संभव प्रयास किए जाऐं। जिला परिवहन अधिकारी ललित गुप्ता ने बताया कि टीकेन्द्र सिंह परिवहन निरीक्षक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा के स्लोगन लगी तख्तियों के साथ बाईक रैली निकाली गई, रैली के माध्यम से शहर वासियों को सडक सुरक्षा के बारे में जागरूक करने का कार्य किया जाएगा। रैली कलैक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होकर बिजलीघर से सरकूलर रोड का चक्कर लगाते हुये यातायात चौराहे पर समाप्त हुई। जिला परिवहन अधिकारी अभय मुदगल ने सडक सुरक्षा माह के दौरान समस्त राजकीय विभागों, स्वंय सेवी संस्थाओं, हितकर विभागों व आमजन को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सहभागिता निभाकर मुख्य विषय परवाह का प्रचार-प्रसार करने हेतु आठाह किया है। कार्यक्रम में अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर षहर राहुल सैनी, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज, उपखण्ड अधिकारी भरतपुर राजीव शर्मा, सहायक लेखाधिकारी सुभाषचन्द शर्मा, परिवहन निरीक्षक षिवराम यादव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा माह के शुभारम्भ पर जिला कलक्टर ने बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

अग्रवाल अग्र प्रीमियर लीग का हुआ आगाज

गंगापुर सिटी, (निसं)। अग्रवाल समाज की युवा अग्रवाल सेवा समिति उदेई मोड गंगापुर सिटी की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पार्थ अग्र प्रीमियर लीग-7 का आगाज बुधवार को यहां राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के खेल मैदान पर हो गया। यहां अग्र प्रीमियर लीग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल ने अग्रसेन महाराज और माता लक्ष्मीजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और बेट बल्ले से पहली गेंद खेलकर प्रतियोति का शुभारंभ किया।

■ कॉसमॉस नाइट राइडर्स की टीम ने 45 रनों से जीता मैच

उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, इनसे समाज के लोगों को एक मंच पर आने का न केवल मौका मिलता है, बल्कि समाज की एकता का संदेश जाता है। खेल न केवल हर व्यक्ति के शारीरिक दृष्टि से बल्कि मानसिक दृष्टि से भी लाभदायक है और इनसे से हर व्यक्ति का विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेलों में भी रोजगार के बेहतर अवसर है और खिलाडियों को हारने के बाद निराश होने के बजाय निरंतर प्रयास कर श्रेष्ठ प्रदर्शन कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर इनमें रोजगार के अवसर तलाशने चाहिए। इस मौके पर काफी संख्या में समाज की विभिन्न इकाइयों के लोग मौजूद थे।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल के अलावा समाज के पदाधिकारी महेन्द्र गर्ग, घनश्याम बजाज, पंकज मंगलम, चंद्रभान स्वास्तिक,राधामोहन गोयल, ललित, मनोहरलाल गुप्ता, दीपक, सुरेंद्र मित्तल सहित समाज के कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान प्रतियोगिता का पहला मैच नाइट राइडर्स और हैप्पी इंडिया के बीच खेला गया। टॉस के विजेता धर्मेन्द्र मित्तल रहे और टॉस जीत कर कॉसमॉस नाइट राइडर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 133 रनों का स्कोर खडा किया, इसमें टीम के प्रियांशु ने 5० और अंकित ने 45 रनों का सहयोग किया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैप्पी इंडिया की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम के अधिकांश खिलाडी ज्यादा देर तक मैदान में नहीं टीक पाए और टीम मात्र 88 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह कॉसमॉस नाइट राइडर्स की टीम ने 45 रनों के बडे अंतर से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच अंकित रहे। इस दौरान मैच देखने वालो की अपार भीड उमड पडी जिन्होने तालियो की गडगडाहट से खिलाडियो का उत्साहवर्धन किया।

विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि।

शिक्षक संघ आज देगा ज्ञापन

करौली, (निसं)। शिक्षा विभाग में स्थानांतरण पर रोक हटाने कि मांग को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा आज गुरूवार को जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। संघ के जिला प्रवक्ता राजेन्द्र दीवान ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में लंबे समय से स्थानांतरण कि मांग को देखते हुए 1 से 10 जनवरी के बीच स्थानांतरण पर लगी रोक हटाते हुए शिक्षा विभाग को छोडकर अन्य सभी विभागों के कार्मिकों के स्थानांतरण करने का निर्णय लिया है। सरकार कि इस भेदभाव पूर्ण नीति से शिक्षकों में रोष व्याप्त हो गया है। जिला महामंत्री गिरधारी लाल नामा ने बताया कि पूर्व में भी नई सरकार गठन के बाद अन्य सभी विभागों मे स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाकर दो बार स्थानांतरण किये है,तब भी और अभी भी शिक्षा विभाग की उपेक्षा की गई है ।शिक्षा विभाग सबसे बड़ा विभाग होते हुए भी लगातार शिक्षकों की अनदेखी की जा रही है। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से संपूर्ण शिक्षा विभाग में सरकार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला अध्यक्ष अशोक कुमार मीना ने बताया कि सभी जिला मुख्यालयों पर जिले की समस्त उपशाखाओं, जिला कार्यकारणी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन देकर सरकार से अविलंब शिक्षा विभाग में अधिकारीयों से लेकर सभी संवर्गो के स्थानांतरण करने की मांग की जाएगी।

प्रभात फेरी निकाली

गंगापुर सिटी, (निसं)। नव वर्ष पर अग्रवाल महिला सेवा समिति के तत्वाधान में संकीर्तन प्रभात फेरी का आयोजन किया। आयोजन समिति अध्यक्ष पदमा अग्रवाल की अध्यक्षता में एवं इस्कॉन के कुलदीप प्रभु के सानिध्य में संपन्न हुआ। पवित्र संकीर्तन यात्रा की शुरुआत सुबह 7 बजे से सीताराम जी मंदिर पुरानी मंडी से हुई और बालाजी चौक तक निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु रामधुनी और भक्ति गीतों में लीन होकर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

नववर्ष का जश्न मनाया

गंगापुर सिटी, (निसं)। बीती रात साल 2024 को बाय-बाय कहने और 2025 के वेलकम को लेकर पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों ने जमकर जश्न मनाया गया। आधी रात को जैसे ही घडी की सुई 12 पर आई वैसे ही आसमान आतिशबाजी की रोशनी से सतरंगी हो गया। इस दौरान नए साल की पार्टी में थिरक रहे लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर नए साल की शुभकामनाएं दी। वहीं बुधवार सुबह सुबह अब लोग एक दूसरे को वॉट्सऐप और अन्य सोशल मैसेंजर पर नए साल की शुभकामनाओं के मैसेज भेज रहे हैं। इससे पहले, नए साल का वेलकम करने के लिए रणथम्भौर के छोटे एंव बडे होटल्स, रिसॉर्ट, क्लब और रेस्तरां में पार्टी का दौर चला। डीजे की बीट्स पर पूरी मस्ती में लोग थिरकते हुए दिखाई दिए। हर तरफ म्यूजिक और रंग-बिरंगी लाइट्स नजर आई। हर शख्स ने अपने ही अंदाज में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। सभी लोगों ने खुले दिल से न्यू ईयर का स्वागत किया और एक दूसरे को बधाइयां दी। इसी के साथ कई होटल्स में डीजे नाइट्स और अलग अलग प्रोग्राम्स का आयोजन किया है। कडाके की ठंड के बीच शहर वासियों ने भी डीजे की धुनों पर डांस किया। जैसे-जैसे रात ढल रही थी वैसे-वैसे पार्टियों की रौनक बढती रही। रात के 12 बजते ही हैप्पी न्यू ईयर गूंज उठा और लोगों ने एक दूसरे को नये साल की बधाई दी। वहीं लियो क्लब गंगापुर सिटी गरिमा की ओर से विजय पैलेस में न्यू ईयर फेस्ट का आयोजन किया गया।

'हेलमेट लगाओ जान बचाओ' अभियान के तहत चालान काटे

करौली के हाथीधटा क्षेत्र मे बिना हेलमेट लगाये मोटरसाईकिल चलाते लोगों के चालान काटती पुलिस।

करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय पर हेलमेट लगाओ जान बचाओ अभियान के तहत पुलिस ने बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चला रहे लोगों के चालान काटे वही बाजारो मे दिनभर लोग हेलमेट खरीदते नजर आये।

करौली पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में नव वर्ष से हेलमेट लगाओ संकल्प अभियान चलाया गया 15 से 31 दिसंबर तक आमजन,स्कूल,कॉलेज के विद्यार्थियों को हेलमेट लगाने के लिए जागरुक करते हुए शहर कि सड़कों पर फ्लेक्स,बैनर के माध्यम से हेलमेट लगाओ अभियान का प्रचार प्रसार किया गया जिसका पहला दिन ही असर देखने को मिला। शहर में हाईवे की सड़क पर 90 प्रतिशत लोग हेलमेट लगाकर दो पहिया वाहन चलाते नजर आए और जिन लोगों ने हेलमेट नहीं लगाया उन लोगों को पुलिस ने पकडकर चालान काटे और नया हेलमेट खरीदने के लिए प्रेरित किया।

जिला मुख्यालय मासलपुर चुंगी तिराहा, गुलाब बाग, हाथी घटा स्थित 132 जीएसएस कि सड़क, गदका कि चैकी सहित कई स्थानों पर पुलिस द्वारा कार्यवाही कि गई जिसके चलते लोगों में भय दिखाई दिया वही करौली शहर मे मासलपुर चुंगी तिराहे से लेकर बरखेडा नदी पुल तक हाईवे कि दोनो तरफ कि सडको पर सैकडो कि संख्या मे हेलमेट बिक्री हेतु अस्थाई दुकाने लगी देखी गई जिनपर लोग हेलमेट खरीदते हुए पुलिस कार्यवाही से बचते नजर आये।

सहायक निदेशक उपाध्याय को सेवानिवृति पर दी विदाई

भरतपुर, (निसं)। राज्य बीमा एवम प्रावधायी विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक शिवदत्त उपाध्याय राजकीय सेवा से सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर जीपीएफ विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों एवं परिजन रिश्तेदारों ने एक समारोह में विदाई देकर स्वागत सम्मान करते हुए उनके सेवाकाल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। जीपीएफ विभाग परिसर में सहायक निदेशक शिवदत्त उपाध्याय की सेवानिवृति पर समारोह में विभाग के अतिरिक्त निदेशक ओपी मीना संयुक्त निदेशक गौरव कुमार पूर्व अधिकारी निहाल सिंह लेखाधिकारी जयपाल की अध्यक्षता में शिवदत्त उपाध्याय का स्वागत सम्मान समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर अधिकारियों कर्मचारियों एवं रिश्तेदारों उनके समर्थकों ने उन्हें माला साफा पटका पहनाकर शॉल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर मौजूद उनकी धर्मपत्नी ममता शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर अधिकारी ओपी मीणा गौरव कुमार निहाल सिंह जयपाल ने शिवदत्त उपाध्याय के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरल सहज स्वभाव समय पर आना जाना कार्य समय पर संपादित करना अनुशासन में रहना कम बोलना उनकी विशेष पहचान रही हे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने परिश्रम निष्ठा से कार्य किया। उनकी सेवाओं को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र जती ने उनके कार्य शैली व्यवहार की सराहना करते हुए उज्ज्वल एवम सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनकी ज्येष्ठ पुत्र वधू हर्षा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके साथ रहे अपने अनुभव साझा करते हुए उनकी जमकर प्रशंसा की। संचालन अवतार सिंह ने किया। इसके बाद ढोल नगाडे के साथ नाचते गाते जवाहर नगर स्थित आवास पहुंचाया गया। घर पहुंचने पर पार्षद दीपक मुदगल विप्र समाज की महिला अध्यक्ष वरिष्ठ कांठोस नेता बबीता शर्मा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष माधो मदेरणा नरेश मेहता रामदयाल शर्मा सहित अनेक प्रमुख लोगों ने उनका साफा माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। शाम को संगीतमयी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक शिवदत्त को सेवानिवृत होने पर दी विदाई।

सार-समाचार

प्रधानाचार्य दक्षता वर्ग आयोजित

भरतपुर (निस)। विद्या भारती विद्यालय डॉक्टर यशपाल उर्मिलेश आर्य आदर्श विद्यामन्दिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर भरतपुर मे आयोजित प्रधानाचार्य दक्षता वर्ग के पांचवें दिन बुधवार को वन्दना सत्र मे वर्ग पालक बहिन प्रमिला शर्मा, वर्ग संयोजक एवं जयपुर प्रान्त निरीक्षक अरुण कुमार दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित कर वन्दना सत्र का शुभारंभ किया। इस सत्र मे वर्ग संयोजक अरुण कुमार दुबे ने बताया कि पंचपदी शिक्षण पद्धित के माध्यम से शिक्षण प्रभावी होगा। यह विद्यार्थी के समठा विकास की संकल्पना है। पंचपदी मे पांच पद है जिसके आधार पर हम बालकों का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति मे पंचपदी के आधार पर शिक्षण का उल्लेख है। आपने बताया कि पंचपदी पद्धित से अच्छी पाठ योजना कैसे बनायें जिससे कक्षा कक्ष में प्रभावी शिक्षण कराया जा सके इसकी विस्तृत जानकारी उदाहरणों की सहायता से बताई गईं। अधिग़म प्रक्रिया, अधिग़म युक्तियों के साथ साथ प्रतिपुष्टि पर ध्यान देना आवश्यक है। रात्रि सत्र मे चित्तौड़ प्रान्त सचिव मानेंग पटेल द्वारा कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण व नागरिक कर्तव्य पर चर्चा करते हुए जानकारी रखी। प्रधानाचार्य के विकास की दृष्टि से आज शिक्षण सत्रों मे राजस्थान क्षेत्र शिशुवाटिका प्रमुख राजकुमार के नेतृत्व मे शिशुवाटिका विशेषज्ञों द्वारा शिशुवाटिका व्यवस्थाओं को क्रियाकलाप के माध्यम से शिक्षण करवाया। उसके बाद प्रधानाचार्यों ने शिशु कक्षा के शिक्षण सत्र लिये, नवीन कुमार ब्यावर द्वारा तकनीकी अभ्यास सत्र लिया गया। एक सत्र मे जोधपुर प्रान्त संगठन मंत्री रविकुमार द्वारा प्रशासनिक कार्य दृष्टि से नेतृत्व विषय की जानकारी रखी।

कूड़े की ढेर में लगी आग

भरतपुर, (निसं)। मथुरा गेट थाना क्षेत्र में मछली मौहल्ला में कूढे की ढेर में लगी आग से मौहल्ले के लोगों में अफरातफरी मच गई। कॉलोनियों के लोगों की सूचना पर दमकल की गाडी ने मौके पर पंहुच कर आग पर काबू पाया। तब जाकर कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। कूढे के ढेर में लगी आग को लेकर मौहल्ले के लोगों ने आरोप लगाए कि इंदिरा पार्क में कार्य कर रहे ठेकेदार के लोगों ने आग लगाई। अगर आग बढती तो मौहल्ले में रह रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पडता। कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने बताया कि दोपहर को तेज लपटों के बीच धुंए उठता देख जब पीछे जाकर देखा तो मौहल्ले के पीछे कई वर्षों से पडे कूढे के ढेर में आग लगी देखा। देखते ही देखते आग ने अपना विराट रूप ले लिया और आग ने पूरे कचरे के ढेर को अपनी चपेट में ले लिया। घुंए के गुबार ने मौहल्ले के लोगों की चिंताए बढा दी। जिस पर मौहल्ले के लोगों ने जिस पर जो हुआ वो आग बुझाने का प्रयास किया। जिसके बाद किसी ने फायर ब्रिगेड के कार्यालय पर आग की जानकारी दी। सूचना मिलते ही जल्द ही दमकल की गाडी मौके पर पंहुच गई और आग पर काबू पाया गया। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू

करौली, (निसं) ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन नेहरू युवा केंद्र द्वारा ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा जिसमे इच्छुक 15 वर्ष से 29 वर्ष के युवा भाग ले सकते है भाग लेने की प्रक्रिया आनलाइन माई भारत पोर्टल के माध्यम से की जानी है। ब्लॉक टोडाभीम एवं नादौती मे प्रतियोगिता का आयोजन 7 व 8 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोडाभीम मे तथा ब्लॉक हिंडौन सिटी एवं श्रीमहावीरजी मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन 7 एवं 8 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन सिटी मे किया जाएगा। ब्लॉक सपोटरा एवं करौली मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 8 व 9 जनवरी को त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम मे तथा ब्लॉक मंडरायल एवं मासलपुर मे खेल प्रतियोगिता का आयोजन 8 एवं 9 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मासलपुर मे आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता मे व्यक्तिगत प्रतियोगिता मे 100 मीटर दौड़ पुरुष एवं महिला,200 मीटर दौड़ पुरुष एवं महिला तथा सामूहिक प्रतियोगिता मे रस्साकसी महिला एवं कबड्डी पुरुष का आयोजन किया जाना है। प्रतियोगिता मे गाँव एवं विद्यालय के युवा एवं युवतिया भाग ले सकते है।

प्रतिभाओ का किया सम्मान

गंगापुर सिटी, (निसं)। सेवा गांव में प्रतिभाओ का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले दस प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालो में पायल मीना को ग्यारह हजार रुपए, प्रवीण मीना को इक्कावन सो रुपए, कार्तिक मीना को इकतीस सो रुपए, प्रतीक मीना को इक्कीस सो रुपए, बृजवासी मीना को ग्यारह सो रुपए, दिलकेश मीना, अनूप कुमार माली, ज्योति माली, युवराज मीना, मनीष कुमार माली को चांदी के सिक्के दिए गए। सामाजिक कार्यकर्ता पवन सत्तावन ने बताया कि कार्यऋम के मुख्य अतिथि वजीरपुर थानाप्रभारी विजय सिंह एवं मनीष मंगल, शिव सिंह, हरिचरण मीना, बलिजी, भरोसी, पिंटू बडोली, हेमराज मीणा, विजयसिंह मीना आदि गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने विद्यार्थियों को कानूनी संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर गांव के समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ देवी सिंह मीणा, गुमान सैनी, मुकेश मीणा, शोभाराम माली, विकास मीना, कुबेर सिंह आदि कार्यकर्ताओं का सराहनीय सहयोग रहा।

दान पुण्य कर लिया आशीर्वाद

गंगापुर सिटी, (निसं)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों ने नए साल की शुरुआत बुधवार को नहर रोड कुशलगढ के बाबा श्याम मंदिर और कल्याण जी मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में ढोक लगाकर और पूजा अर्चना कर की। इस दौरान यहां अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड जुटना शुरू हो गई। लोग यहां अल सुबह से ही बाबा श्याम और श्री कल्याण जी के दर्शनों के लिए पहुंचने लगे।बाबा श्याम के मंदिर में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए सुबह ही पहुंच गए। इतना ही नहीं काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा श्याम की कनक दंडवत परिऋमा लगाते दिखाई दिए। गंगापुर शहर ही नहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से भी बुधवार को करीब 1० हजार श्रद्धालुओं के बाबा श्याम और कल्याण जी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान कुशलगढ के बाबा श्याम और भगवान कल्याण जी का नए साल के उपलक्ष्य में विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर की साफ सफाई के बाद सजावट की गई साथ ही फूलों से भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर भव्य झांकी सजाई गई। शहर के अन्य मंदिरों बालाजी चौक, गोपीनाथ जी, ट्रक यूनियन गणेश मंदिर, उघाडमल बालाजी, पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम जी मंदिर, उदेई मोड के मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, बंदरिया का बालाजी, तहसील स्थित चऋपाणि मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भी नए साल के उपलक्ष्य में भगवान के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए और पूजा अर्चना कर भगवान से खुशहाली और सुख समृद्धि की प्रार्थना की।

नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

रूपवास, (निसं)। क्षेत्र के गांव बिनऊआँ निवासी हरेंद्र सिंह पुत्र समंदर सिंह ने नामजद लोगों के खिलाफ अपने भाई एवं एक अन्य व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर घायल कर देने का मामला थाने में दर्ज कराया है। दर्ज कराए मामले में बताया गया है कि 31 दिसम्बर शाम करीब 6.30 बजे मैं रूपवास से अपने गाव बिनऊआँ जा रहा था। जैसे ही मैं अपने गांव के सिद्ध बाबा के मोड पर पहुंचा तो मैने देखा कि नगला पहलवार के रिश्तेदार जयपाल पुत्र भूपेंन्द्र जाट,मोहन सिंह पुत्र सुरेन्द्र जाट,राहुल पुत्र राजवीर जाट निवासी कचौरा थाना अछनेरा जिला आगरा व 2-3 अन्य व्यक्ति मेरे भाई प्रकाश सिंह पुत्र समन्दर सिंह जाट व मनीष पुत्र रतन सिंह जाति चौबदार निवासी बिनऊआँ थाना रूपवास के साथ बीयर की बोतल व लक्कड से मारपीट कर रहे थे। मोहन सिह ने एक लक्कड की चोट मेरे भाई प्रकाश को जान से मारने की नीयत से सिर पर मारी।

कार्यालय नगरपरिषद, करौली राज.

क्रमांक:-3275-77 दिनांक: 27.12.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण एवं हितधारको को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदकान द्वारा भवन निर्माण मंजूरी हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई है। अत: कोई व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावालियों/दस्तावेजो का अवलोकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तथा किसी भी आवेदक की पत्रावली के संबंध में कोई जानकारी चाहते हे, वह अन्दर अवधि 07 योम/दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, वाद गुजरने म्याद कोई आपत्ति स्वीकार/समाहित नहीं की जावेगी। तथा भवन निर्माण मंजूरी करने की कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

क्र. सं.	नाम आवेदक	खसरा नं.	भूखण्ड सं.	क्षेत्रफल (वर्गगज/ वर्गमीटर)
1.	श्री सुगर सिंह पुत्र श्री रघुवर सिंह गुर्जर	5818	21	137.22

सूचित हो आयुक्त नगरपरिषद, करौली